इटावा पुलिस

प्रेस नोट थाना बसरेहर साइबर सेल - दिनांक 19.11.2024

थाना बसरेहर साइबर सेल द्वारा यू0पी0आई0 के माध्यम से निकाले गये पीड़ित के 19,000/- रुपयों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 19,000/- रुपये शत प्रतिशत वापस कराये गये।

जनपद में साइबर फ्रॉड की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के मार्गदर्शन में **थाना बसरेहर साइबर सेल**/पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड यू0पी0आई0 के माध्यम से निकाले गये पीड़ित के 19,000/- रुपयों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए शत प्रतिशत रुपये वापस कराये गये।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

आवेदक नरेन्द्र सिंह पुत्र रामकृष्ण निवासी ग्राम अकबरपुर पोस्ट बसरेहर जिला इटावा द्वारा अपने साथ दिनांक 05.10.2024 को स्वयं के खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में यू0पी0आई0 के जरिये 19,000/- रुपये निकाल लेने के सम्बन्ध में NCRP पोर्टल/1930 पर साइबर ठगी की शिकायत थाना बसरेहर इटावा पर पंजीकृत की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के कुशल मार्गदर्शन में थाना बसरेहर साइबर सेल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किये गये एवं बैंक अधिकारी पेमेन्ट गेटवे के नोडल अधिकारी इत्यादि से वार्ता कर आवेदक के रुपये वापस करने का प्रयास किया गया। जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए **दिनांक 19.11.2024 को पीड़ित के 19,000/- रुपये शत प्रतिशत वापस** कराये गये हैं। साथ ही साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ित को साइबर अपराधों से बचने के लिये जानकारी देकर जागरुक किया गया।

अपने रुपये वापस पाकर पीडत द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए थाना बसरेहर पुलिस टीम व इटावा पुलिस की प्रशंसा की गई तथा थाना बसरेहर पुलिस टीम का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

क्र0सं0	नाम वादी	वापस करायी गयी धनराशि
01	नरेन्द्र सिंह पुत्र रामकृष्ण	19,000/-

पुलिस टीम- थानाध्यक्ष श्री समित चौधरी थाना बसरेहर, कम्प्यू0ऑ0 अभय सिंह यादव, म0का0 रेनु तिवारी साइबर सेल थाना बसरेहर जिला इटावा।